प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 17.12.2024 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने आज वित्तीय वर्ष 2024–25 के लिये पेश किया दूसरा अनुपूरक बजट : लगभग 17 हज़ार 865 करोड़ रुपए के अनुपूरक बजट में 790 करोड़ 49 लाख रुपए के नए प्रस्ताव शामिल।
2. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सदन में कहा– सरकार की नीतियों के कारण प्रदेश में प्रति व्यक्ति आय हुई दोगुनी।
3. एक राष्ट्र, एक चुनाव से संबंधित दो विधेयक आज लोकसभा में किये गए पेश : विपक्ष ने विरोध करते हुए विधेयक को बताया संविधान के मूल ढांचे पर हमला।

और

4. बलिया में बनेगा अंतर्राज्यीय बस टर्मिनल : मंत्रिपरिषद की बैठक में परिवहन विभाग को निशुल्क भूमि देने का प्रस्ताव पारित।

——————————

उत्तर प्रदेश विधानमंडल के शीतकालीन सत्र के दूसरे दिन आज विधानसभा में वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने वित्तीय वर्ष 2024–25 के लिए दूसरा अनुपूरक बजट पेश किया। लगभग 17 हज़ार 865 करोड़ रुपए के इस अनुपूरक बजट में 790 करोड़ 49 लाख रुपए के नए प्रस्ताव शामिल किए गए हैं। इससे पहले मानसून सत्र में राज्य सरकार 12

हजार 209 करोड़ 93 लाख रुपए का अनुपूरक बजट पेश कर चुकी है। दोनों अनुपूरक बजट को मिलाकर सरकार का वित्तीय वर्ष 2024–25 का कुल बजट अब 7 लाख 66 हजार 513 करोड़ 36 लाख रुपए का हो गया है। वित्त एवं संसदीय कार्यमंत्री सुरेश खन्ना ने सदन में कहा कि अनुपूरक बजट में विभिन्न विभागों को उनकी ज़रूरत के हिसाब से बजट जारी किया जाएगा।

इस अवसर पर सदन में अपने संबोधन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि शिक्षा विभाग में अब तक 1 लाख 60 हजार और पुलिस विभाग में 1 लाख 56 हजार पदों पर भर्ती की गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार की बेहतरीन कानून व्यवस्था औऱ जीरो टॉलरेंस नीति की वजह से प्रदेश में बड़ा निवेश आया है। उन्होंने कहा कि 2017 से अब तक प्रदेश की बेरोजगारी दर में कमी आई है। बाइट....

*प्रदेश के अन्दर एक वातावरण बना है सुरक्षा का, बेहतर कानून व्यवस्था का, दंगा मुक्त प्रदेश का, आज उसके लिये देश और दुनिया का हर निवेशक प्रदेश में माना चाहता है प्रदेश में निवेश करना चाहता है और इसी का परिणाम है 12 से 17 के बीच में प्रदेश की जो बेरोजगारी दर थी उन इम्प्लाइमेंट रेट था वह 19 फीसदी से अधिक था और आज यह 2.4 है। ये चीजे दिखाती है सरकार के कदम अच्छी दिशा में आगे बढ़े हैं।*

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार प्रदेश के हर नौजवान के हित को लेकर पूरी प्रतिबद्धता और ईमानदारी से काम कर रही है। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार के दौरान प्रदेश की प्रति व्यक्ति आय दोगुनी हुई है। बाइट.......

*2017 में जब हमें सत्ता प्राप्त हुई थी तब उत्तर प्रदेश की प्रति व्यक्ति आय भारत की जो प्रति व्यक्ति आय थी उसकी एक तिहाई रह गई थी। आज हम उसको दुगुना करने में सफल हुए है और मेरा यह मानना है कि अगले 5 साल के अन्दर उत्तर प्रदेश की प्रति व्यक्ति आय फिर से भारत की प्रति व्यक्ति आय से अधिक होगी और इस दिशा में उत्तर प्रदेश की वर्तमान की वृद्धि दर इस बात को संकेत करता हे और मैं शीघ्र आप सबसे मिलना चाहूंगा हमें उत्तर प्रदेश को विकास की दिशा में आगे बढ़ाना है।*

अनुपूरक बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए विपक्ष ने इसे महज दिखावा बताया और कहा कि सरकार पहले मुख्य बजट के खर्चे को सदन के पटल पर रखे। उधर, विधान परिषद में नेता सदन और उपमुख्यमंत्री केशव मौर्या ने वित्तीय वर्ष 2024–2025 के द्वितीय अनुपूरक अनुदानों की मांगों को सदन में प्रस्तुत किया। वहीं विपक्ष ने आज शिक्षा के गिरते स्तर और रोजगार से युवाओं को वंचित किये जाने का मामला सदन में उठाया।

——————————

केन्द्रीय विधि मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने एक राष्ट्र एक चुनाव से संबंधित दो विधेयक आज लोकसभा में पेश किये। यह विधेयक सदन में पेश किए जाने पर विपक्षी दलों ने इसका विरोध किया और मत विभाजन की मांग की। इसमें 269 सदस्यों ने विधेयक के पक्ष में और 198 सदस्यों ने इसके विरोध में मत दिया। विपक्षी दलों ने विधेयक को जांच के लिए संयुक्त संसदीय समिति को भेजने की मांग

की। जिसके बाद श्री मेघवाल ने दोनों विधेयकों को संयुक्त संसदीय समिति को भेजने का प्रस्ताव किया।

प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने आज लोकसभा में पेश किए गए एक देश एक चुनाव बिल पर प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने इसे देश हित में उठाया गया कदम बताया। बाइट......

*जो विकास में पैसा लगाना चाहिये वह पैसा चुनाव बार–बार कराने में खर्च होता था, लेकिन माननीय प्रधानमंत्री मोदी जी क्योंकि विजनरी लीडर है उनके नेतृत्व में कई चीजें एक भारत–श्रेष्ठ भारत से लेकर के एक देश एक वोटर लिस्ट और एक चुनाव यह दिशा में आज जो कदम बढ़ाया गया है उसके लिये बधाई भी देता हूं और देश के हित में यह फैसला है और यह बहुत बड़ा कदम है जो बहुत पहले होना चाहिये।*

——————————

प्रदेश की योगी सरकार ने बलिया जिले को अंतर्राज्यीय बस टर्मिनल की सौगात दी है। परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने बताया कि आज लखनऊ में कैबिनेट की बैठक में बलिया के बैरिया में अंतर्राज्यीय बस टर्मिनल की स्थापना के लिए परिवहन विभाग को निशुल्क भूमि देने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने आईएसबीटी के लिए भूमि मिलने पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को धन्यवाद देते हुए कहा कि अब बलिया में आईएसबीटी बन जाने से यहां से बिहार, बंगाल व दूसरे प्रदेशों के लिए बसों का संचालन सुविधाजनक रूप से हो सकेगा। उन्होंने कैबिनेट की बैठक में उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम को तीन हजार

डीजल बसें खरीदने के लिए एक हजार करोड़ रुपए व्यय के प्रस्ताव पर अनुमोदन मिलने पर भी मुख्यमंत्री का आभार जताया है।

—————————

**ब्रेक**

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

—————————

केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने कहा है कि राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी वर्ष 2025 से, भर्ती परीक्षाओं की बजाए उच्च शिक्षा के लिए प्रवेश परीक्षाएं आयोजित करने पर विशेष ध्यान देगी। नई दिल्ली में मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा कि सरकार दस नए पदों का सृजन कर राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी का पुनर्गठन करने की याजना बना रही है। श्री प्रधान ने बताया कि पिछले दस साल में प्रति बच्चे पर किए जाने वाले खर्च में 130 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। बाइट.....

*चाइल्ड एक्सपेंडिचर की एक मोटा–मोटा लेखा जोखा आपके सामने मैं रखूं, इसमें 130: की ग्रोथ हुईहै, पिछले 10 साल में, पहले 13–14 की बजटमें इस अमाउंट का 10780 यह अभी 21–22 के बजटमें 25043 रुपीजहुए हैं। ये 130: कीग्रोथ हो रही है।*

——————————

प्रदेश के समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण ने कहा है कि समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित छात्रवृत्ति–शुल्क प्रतिपूर्ति योजना को और अधिक प्रभावी और लाभार्थियों के लिए हितकर बनाने के लिए इसमें व्यापक सुधार किया जाएगा। इसके लिए विशेषज्ञों की ट्रांसफॉर्मेशन टीम बनाई गई है। इस टीम ने लाभार्थियों की अपेक्षाओं, सिस्टम में संभावित कमियों आदि का आंकलन किया है। इसके बाद इस टीम ने योजना से जुड़ी प्रमुख चुनौतियों और उनके निवारण के लिए संभावित सुधारों को लेकर चर्चा पत्र तैयार किया है।

——————————

केंद्रीय जल शक्ति मंत्रालय के सहयोग से आज प्रदेश के लघु सिंचाई विभाग ने लखनऊ में तीन दिवसीय क्षेत्रीय प्रशिक्षण कार्यशाला की शुरुआत की। इस कार्यशाला में उत्तर प्रदेश के साथ मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, उत्तराखंड और दिल्ली के प्रतिनिधि भी हिस्सा ले रहे हैं। प्रदेश सरकार के विशेष सचिव प्रभास कुमार ने बताया कि कार्यशाला में

वाटर बॉडीज की गणना के संबंध में प्रशिक्षण दिया जाएगा। बाइट......

*आज लघु सिंचाई योजनाओं की सातवीं संगणना तथा जल निकायों की दूसरी संगणना के सम्बन्ध में तीन दिवसीय वर्कशॉप का प्रारंभ किया गया है। इसके अंतर्गत जो भी लघु सिंचाई के योजनायें है जैसे डकवेल है,बोरवेल है या जो हमारे सरफेस वाटर बॉडीज है, जो रिसोर्सेज हैं उनकी सेंसस किस प्रकार से की जाएगी। इस बार उसके सम्बन्ध में ये एक ट्रेनिंग मास्टर वर्कशॉप है। उसकी शुरुआत की गयी है।*

————————

केन्द्र सरकार भारत को टीबी मुक्त बनाने के उद्देश्य से सौ दिवसीय टीबी उन्मूलन अभियान चला रही है। इसी क्रम में प्रदेश में टीबी मरीजों की स्क्रीनिंग समेत उन्हें पर्याप्त इलाज उपलब्ध कराया जा रहा है। राज्य टीबी सेल के डॉ0 शैलेन्द्र भटनागर ने बताया कि इस विशेष अभियान के दौरान टीबी मरीजों को चिन्हित करने के साथ ही उन्हें जागरूक किया जायेगा। बाइट.......

*एक अभियान के रूप में इन लोगों की स्क्रीनिंग करी जाएगी। स्क्रीनिंग दो प्रकार से होगी। इनका एक्स रे है और आवश्यकतानुसार इनकी नेट की जांच कराई जाएगी। इस प्रकार से इस वलनरेबल पॉपुलेशन को स्क्रीन कर लेंगे इसके अलावा दो चीजें और पैरेलल चलेंगी। एक तो जो डेथ्स हो रही हैं, टीबी की वजह से उनको कम किया जाए। अभी तक क्या हो रहा था कि हम टीबी के मरीज जो शुरू में आते थे, उन लोगों को हम टीबी का इलाज दे देते थे? हम टीबी के इलाज के साथ साथ ये देखेंगे कि उन लोगों को कोई और गंभीर बीमारी तो नहीं है।*

(समाप्त)